PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Sun, 11 Jun 2017, Page 14
Width: 24.25 cms, Height: 22.66 cms, a3r, Ref: 21.2017-06-11.84

सेना को मिले 423 युवा अधिकारी

पासिंग आउट परेड में आर्मी चीफ ने भरा जांबाज कैडेटों में जोश

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पास आउट होकर शनिवार को 423 युवा अधिकारी भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। थल सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने परेड की सलामी लेने के बाद जांबाज कैडेटों में जोश भरा। असम के तेजपुर निवासी जेंटलमैन कैडेट अविनाश छेत्री को आईएमए के सर्वोच्च अवॉर्ड स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

पासिंग आउट परेड के बाद शनिवार को बेटे को बधाई देती मां।

शनिवार को आईएमए की ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग के सामने ड्रिल स्कवायर पर कदम ताल करते हुए 423 भारतीय और मित्र राष्ट्रों के 67 जेंटलमैन कैडेटों ने अंतिम पग पार किया। थल सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने परेड की सलामी लेने के बाद युवा सैन्य अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। सेनाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार आईएमए में बतौर रिव्युइंग अफसर पहुंचे जनरल रावत ने कहा कि निश्चित तौर पर आज चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में देश को सर्वश्रेष्ठ अफसर देने वाले संस्थान के लिए भी चुनौती बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज पास आउट होने वाले इन युवा अधिकारियों की आंखों में देश की हिफाजत का सपना देखा जा सकता है। परेड में सिंघर कंपनी को चैंपियन का खिताब दिया गया।

परेड के दौरान जनरल अफसर कमांडिंग इन सेंट्रल कमांड ले. जनरल डीआर सोनी, आईएमए कमांडेंट ले. जन. एसके उपाध्याय, डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल मंदीप सिंह भी मौजूद रहे।